जनता विद्या मन्दिर गणपतराय रासीवासिया महाविद्यालय,

चरखी दादरी

(सम्बद्ध – चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र 2021–22

जनता विद्या मन्दिर गणपतराय रासीवासिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चरखी दादरी के 'प्रतिभा सम्मान समारोह' के मुख्य अतिथि श्री सोमबीर सांगवान, विधायक, चरखी दादरी, समारोह अध्यक्ष श्री पवन गुप्ता जी, अध्यक्ष, प्रबन्धन समिति, विशिष्ट अतिथि श्री नितिन दीपक अग्रवाल (IRS), उपायुक्त, प्रवर्तन निदेशालय (ED), चेन्नई, विशिष्ट अतिथि श्री राजकरण अग्रवाल (IRS), उपायुक्त जी.एस.टी. (GST) इंटेलिजैंस, गुरुग्राम, श्री राधेश्याम ऐरण, महासचिव, प्रबन्धन समिति, श्री अशोक गोयल जी, उप–प्रधान, प्रबन्धन समिति, डॉ. यशवीर सिंह जी, प्राचार्य, जनता महाविद्यालय, महाविद्यालय प्रबन्धन समिति, कार्यकारिणी एवं दादरी एजुकेशन सोसायटी के समस्त सम्मानित सदस्य, अतिथिगण, प्रैस के सम्मानित सदस्य, समस्त महाविद्यालय परिवार, अभिभावकगण, छात्र–छात्राओं एवं उपस्थित मातृशक्ति, मैं आज महाविद्यालय के 'प्रतिभा सम्मान समारोह' के अवसर पर आयोजित इस भव्य सम्मान समारोह में आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करते हुए गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूँ।

प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी एवं विद्यानुरागी श्री रामकृष्ण गुप्ता जी ने सन् 1965–66 में 189 छात्रों के साथ इस महाविद्यालय रूपी जो पौधा को लगाया था, वह आज एक विशाल वट–वृक्ष का रूप धारण कर चुका है। दस कमरों के साथ स्थापित होने वाला महाविद्यालय आज चालीस कमरों, 13 प्रयोगशालाओं, एक स्मार्ट क्लास रूम, सेमिनार हॉल, आधुनिक तकनीकी से युक्त एक शानदार सभागार, स्टेडियम व इनडोर खेलशाला के साथ एक भव्य भवन के रूप में परिवर्तित हो चुका है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के विद्यार्थियों में सम्प्रेषण कौशल (Coomunications Skill) विकास हेतु आधुनिक तकनीकी से युक्त एक भाषा सम्प्रेषण प्रयोगशाला (Language Lab) भी स्थापित की गई है। महाविद्यालय का हरा–भरा सुन्दर परिसर सभी प्रकार की शैक्षणिक एवं खेल सुविधाओं से परिपूर्ण है, जिसमें विज्ञान वाणिज्य, बी.वॉक, एम.एल.टी. (MLT) व बी.एस.सी. (एक्च्यूरियल साईंस), ग्रामीण विकास व कला संकायों के लगभग 2300 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। महाविद्यालय में भूगोल, गणित व राजनीति विज्ञान के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी सुचारू रूप से गतिमान हैं।

महाविद्यालय में 100 से भी अधिक शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग अपनी पूरी निष्ठा और लग्न से महाविद्यालय की निरंतर उन्नति एवं चहुँमुंखी विकास में प्रयासरत हैं। इसका प्रमाण यह है कि विगत लगभग 57 वर्षों में अनेक मेधावी छात्र–छात्राएँ यहाँ से शिक्षा ग्रहण कर विविध क्षेत्रों में उच्च पदों पर आसीन हैं।

**पुस्तकालय एवं वाचनालय :–**

महाविद्यालय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत एक विशाल पुस्तकालय है, जिसमें विविध विषयों से संबद्ध लगभग 47 हजार पुस्तकें हैं। विद्यार्थियों की सुविधा हेतु नेटवर्क रिसोर्स सेंटर व फोटोस्टेट मशीन भी उपलब्ध है। ई–पुस्तकालय की भी सुविधा है, जिसमें 2 लाख ई–बुक्स (E-Books) व 2500 ई–जरनल्स (E-Journals) पढ़े जा सकते हैं। लगभग 30–35 पत्र–पत्रिकाएँ विद्यार्थियों के लिए प्रतिदिन उपलब्ध होती हैं।

**पत्रिका :–**

विद्यार्थियों में सृजनात्मकता एवं अभिव्यक्ति पक्ष को मजबूती प्रदान करने हेतु महाविद्यालय पत्रिका 'श्याम–सर' का वार्षिक प्रकाशन किया जाता है, जिसमें अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, विज्ञान, Planning Forum अनुभागों में अपने लेख प्रकाशित करवाने हेतु विद्यार्थियों में अकसर होड़ लगी रहती है।

**विविध समितियाँ :–**

विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने हेतु महाविद्यालय द्वारा अनेक समितियों का गठन किया गया है, जिनमें विद्यार्थी अपनी सहभागिता दर्ज कर अपनी प्रतिभा एवं व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं और अपना ज्ञानवर्धन कर सकते हैं। ये समितियाँ वर्ष भर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करती हैं जिनमें विद्यार्थी बढ़–चढ़कर प्रतिभागिता करते हैं। इन समितियों में निम्नोक्त समितियाँ विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी रहती हैं :–

1. बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
2. Women Cell
3. Legal Literacy Cell
4. Cultural Cell
5. ST/SC/OBC Cell
6. Anti Ragging Committee
7. Prevention of Sexual Harassment Cell
8. Discipline Committee
9. Student Grievances and Redressal Cell आदि।

महाविद्यालय में बिजली–आपूर्ति हेतु दो बड़े जरनेटर स्थापित हैं, जिसके फलस्वरूप परिसर में 24 घंटे बिजली की सुविधा उपलब्ध रहती है। महाविद्यालय परिसर में

असामाजिक तत्वों का प्रवेश रोकने के लिए मुख्य द्वार पर पहचान–पत्र के साथ प्रवेश की व्यवस्था के साथ–साथ 30 से अधिक सी.सी.टी.वी. कैमरे भी लगाए गए हैं।

**अन्य सुविधाएँ :–**

विद्यार्थियों के लिए शीतल जल की आपूर्ति हेतु महाविद्यालय में Chiller-Cum-RO Plant एवं परिसर के विभिन्न स्थलों पर 8 RO-Cum-Water Cooler की व्यवस्था की गई है।

महाविद्यालय के विद्वान् प्राध्यापकगण शिक्षण कार्यों के साथ–साथ शोध–कार्यों में भी विशेष रुचि रखते हैं। सत्र के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग द्वारा 27 राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। महाविद्यालय के 6 प्राध्यापकों के 13 शोध–पत्र राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। महाविद्यालय के 5 प्राध्यापकों ने 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम' (FDP) तथा पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher Course) में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज की। महाविद्यालय के 2 प्राध्यापकों की 3 पुस्तकें सत्र के दौरान प्रकाशित हुई तथा डॉ. रोशन लाल व डॉ. प्रीति गुप्ता ने विद्यावाचस्पति (Ph.D) की उपाधि प्राप्त की। महाविद्यालय के प्राध्यापक न केवल शोधकार्य कर रहे हैं अपितु उनके स्वयं के कार्य पर भी शोध हो रहे हैं। हिन्दी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. हेमलता शर्मा के काव्य–संग्रह 'बिलख रही संवेदना' पर महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय से एम.फिल की एक छात्रा शोध–कार्य कर रही है।

महाविद्यालय के आठ प्राध्यापकों डॉ. सुरेश कुमार, पी.के. अग्रवाल, डॉ. समीना, नीना बंसल, भूपेन्द्र सिंह, एम.के. जैन, जयवीर सिंह, डॉ. जीतेन्द्र को चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ स्टडीज का सदस्य मनोनीत किया गया है। महाविद्यालय के 12 प्राध्यापकों का चुनाव विश्वविद्यालय द्वारा विविध कक्षाओं के लिए प्रश्न–पत्र निर्माण हेतु किया गया है। महाविद्यालय के 12 प्राध्यापकों को विषय विशेष (Subject Expert) के रूप में मनोनीत किया गया है। महाविद्यालय के स्थायी प्राध्यापकों का 65 प्रतिशत अर्थात् 18 प्राध्यापक विद्यावाचस्पति (Ph.D) की उपाधि से अलंकृत हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह जी को 'हरियाणा इतिहास कांग्रेस' के अध्यक्ष के रूप में निरन्तर तीसरी बार चुनाव किया गया है। 'हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी' द्वारा प्रकाशित छठी से दसवीं की इतिहास की पाठ्यपुस्तकों के लेखक मण्डल में एक लेखक के रूप में इन्होंने कार्य किया है। 'राजस्थान इतिहास कांग्रेस' के जोधपुर में सम्पन्न हुए 37वें अधिवेशन के तकनीकी सत्र की अध्यक्षता एवं राजकीय महाविद्यालय, बूंदी

में उच्चतर शिक्षा निदेशालय कार्यक्रम में वक्ता की भूमिका निभा चुके प्राचार्य जी के शोध–पत्र इतिहास कांग्रेस, राजस्थान एवं हरियाणा के अधिवेशनों में प्रस्तुत एवं प्रकाशनार्थ स्वीकृत हुए हैं। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक श्री भूपेन्द्र सिंह, चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी में 'स्पोर्ट्स काउंसलिंग' के सदस्य के रूप में तथा विश्वविद्यालय के महिला एवं पुरुष वर्ग के एथलिटिक्स की चयन समिति में भी शामिल रहे।

महाविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी (Science Exhibition) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी (Science Quize) में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा के.एल.पी. महाविद्यालय, रेवाड़ी में आयोजित अन्तरमहाविद्यालयी प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय ने प्रश्नोतरी एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिनमें मुख्य रूप से 'पेपर रिडिंग, पोस्टर मेकिंग, कोलाज मेकिंग, अकाउंटिग और इन्कम टैक्स संबंधी प्रतियोगिताओं के साथ खेल उत्सव, स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत जागरूकता कार्यक्रम आदि प्रशंसनीय कार्य रहे।

इस महाविद्यालय एवं समस्त दादरी क्षेत्र के लिए गरिमा का विषय है कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में सदा अपना परचम लहराया है तथा मैरिट लिस्ट में अपना नाम अंकित करते रहे हैं। कोविड–19 के कारण सत्र 2020–21 में हुई परीक्षाओं की मैरिट सूची विश्वविद्यालय से अभी प्राप्त नहीं हुई है। विगत वर्ष में महाविद्यालय के 60 विद्यार्थियों ने विभिन्न कक्षाओं में विश्वविद्यालय मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। विभिन्न सत्रों में प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाले विद्यार्थियों की सूची इस प्रकार हैः–

1. तन्नू, बी.एस.सी. (नॉन मैडिकल) प्रथम सेमेस्टर में प्रथम स्थान (2019–2020)
2. नेहा, एम.ए. (राजनीति विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर में प्रथम स्थान (2018–2020)
3. मंजू, एम.एस.सी. (भूगोल) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान (2017–2019)
4. पूजा, एम.एस.सी. (भूगोल) चतुर्थ सेमेस्टर में प्रथम स्थान (2017–2019)
5. दिव्या बंसल, एम.एस.सी. (गणित) तृतीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान (2017–2019)
6. सोनिया, एम.एस.सी. (राजनीति विज्ञान) द्वितीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान (2018–2020)
7. चाहत, बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर में द्वितीय स्थान (2018–2019)

8. अरूण कुमार बंसल, एम.एस.सी. (गणित) तीन सेमेस्टरों में द्वितीय स्थान (2017–2019)
9. सोनिया, एम.एस.सी. (राजनीति विज्ञान) प्रथम, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में द्वितीय स्थान (2018–2020)
10. मोनिका, एम.एस.सी. (राजनीति विज्ञान) प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में द्वितीय स्थान (2017–2019)
11. अनुप्रिया, एम.एस.सी. (भूगोल) द्वितीय सेमेस्टर में द्वितीय स्थान (2018–2020)
12. नेहा, एम.ए. (राजनीति विज्ञान) द्वितीय सेमेस्टर में द्वितीय स्थान (2018–2020)
13. अंकित, एम.एस.सी. (गणित) चतुर्थ सेमेस्टर में द्वितीय स्थान (2018–2020)
14. मंजू, एम.एस.सी. (भूगोल) चतुर्थ सेमेस्टर में द्वितीय स्थान (2017–2019)
15. दिव्या बंसल, एम.एस.सी. (गणित) द्वितीय सेमेस्टर में तृतीय स्थान (2017–2019)
16. पूजा, एम.एस.सी. (भूगोल) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में द्वितीय स्थान (2017–2019)
17. हिना, एम.एस.सी. (राजनीति विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर में तृतीय स्थान (2019–2021)
18. नेहा, एम.एस.सी. (गणित) चतुर्थ सेमेस्टर में तृतीय स्थान (2018–2020)
19. अंजू, एम.एस.सी. (गणित) प्रथम सेमेस्टर में तृतीय स्थान (2018–2020)
20. ममता, एम.एस.सी. (गणित) तृतीय सेमेस्टर में तृतीय स्थान (2018–2020)
21. नीरज, एम.एस.सी. (गणित) चतुर्थ सेमेस्टर में तृतीय स्थान (2018–2020)
22. बबीता, एम.एस.सी. (गणित) प्रथम सेमेस्टर में तृतीय स्थान (2019–2021)
23. नेहा, एम.ए. (राजनीतिक विज्ञान) तृतीय सेमेस्टर में तृतीय स्थान (2018–2020)

**सांस्कृतिक गतिविधियाँ :–**

विद्यार्थियों में सांस्कृतिक अभिरुचि का विकास करने और उनके कलात्मक गुणों की अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालय का सांस्कृतिक प्रकोष्ठ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुझे आप सभी के समक्ष यह बताते हुए असीम हर्ष की अनुभूति हो रही है कि यह महाविद्यालय प्रारंभ से ही सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रहा है। महाविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विश्वविद्यालयी स्तर के यूथ फेस्टीवल (युवा समारोह) में माइम, प्रश्नोत्तरी, फोटोग्राफी, मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, एकांकी (Oneact Play) व इन्स्टॉलेशन में द्वितीय स्थान व पंजाबी कविता, कार्टूनिंग, पेटिंग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। युवा समारोह में महाविद्यालय की छात्रा

कुसुम ने श्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार प्राप्त किया। महाविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ स्लोगन के लिए विक्टरी ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय में विद्यार्थियों, विशेषतः बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु 'टैलेण्ट हंट शो' का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की गुप्त प्रतिभाओं को उजागर करना था। महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हरियाणा सरकार के सहयोग से 'दास्तान–ए–रोहनात' नाटक का मंचन महाविद्यालय के सभागार में करवाया। महाविद्यालय का सांस्कृतिक प्रकोष्ठ विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को उजागर करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

**खेलकूद :–**

जनता महाविद्यालय मात्र शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं वरन् खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं में भी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहा है। इस सत्र में भी महाविद्यालय के विद्यार्थी विविध खेलों में पदक लेकर आए हैं और महाविद्यालय को यश प्रदान किया है। कराटे में दीक्षा तक्षक ने अन्तर–महाविद्यालयी प्रतिस्पर्धा में दो स्वर्ण पदक और 'खेलो इण्डिया' में एक कांस्य पदक प्राप्त किया। अन्तरमहाविद्यालयी प्रतिस्पर्धा में रोहित ने दो स्वर्ण पदक प्राप्त किए तथा 'खेलो' इण्डिया' में प्रतिभागिता की। एकांश पहल ने एक स्वर्ण पदक अन्तर–महाविद्यालयी स्तर की कराटे प्रतिस्पर्धा में प्राप्त किया। दीक्षा, रोहित और एकांश ने अखिल भारतीय अन्तर–विश्वविद्यालयी स्तर की कराटे प्रतिस्पर्धा में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय की वॉलीबाल टीम ने अन्तर–महाविद्यालयी प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अमित, विकास, सचिन, पिंकी, मन्नू, सूरज, दीपक, पूजा, मनीष, विनय राणा, नवदीप आदि विद्यार्थियों ने विविध अन्तर–विश्वविद्यालयी खेलों में चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय को यश प्रदान किया।

शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 11–12 फरवरी, 2022 को 41वें वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए कुल 31 प्रतिस्पर्धाओं को शामिल किया गया। पुरुष एवं महिला वर्ग से क्रमशः विकास एवं पिंकी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवा रेडक्रॉस :–**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो पुरुष इकाइयाँ तथा एक महिला इकाई है, जो समाज के पिछड़े क्षेत्रों में अपनी सेवा द्वारा जागृति लाने के कार्य निरन्तर करती रहती हैं। इन इकाइयों से स्वयंसेवक समय–समय पर वृक्षारोपण, राष्ट्रीय आपदाओं और

रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यक्रमों में अपना योगदान देते रहते हैं। महाविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने इस सत्र में 'चौ0 रणवीर सिंह विश्वविद्यालय जीन्द' के राष्ट्र स्तरीय एवं चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी के राज्य स्तरीय शिविर में विशेष योगदान देकर महाविद्यालय को गौरव प्रदान किया। अंकुर, नवरंग, दीपक, सुनील, रविकान्त और लक्ष्मी ने श्रेष्ठ स्वयंसेवक तथा रविकान्त, साजिद और अंकिता ने श्रेष्ठ कैंपर की सूची में अपना नाम अंकित करवाया। महाविद्यालय के छात्रों ने युवा रेडक्रॉस कार्यशाला एस.डी. कॉलेज, अम्बाला कैन्ट में भी सहभागिता की तथा मनोज, दीपक, युगल किशोर आदि छात्रों का इसमें विशेष योगदान रहा। राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, कृषि महाविद्यालय, बावल में भी छात्रों ने सराहनीय सहयोग किया। महाविद्यालय में एन.सी.सी. की दो पुरुष यूनिट व एक महिला यूनिट है, जो सराहनीय कार्य कर रही हैं।

अंत में मैं कहूँगा कि महाविद्यालय निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। उत्तरोत्तर उत्कृष्टता एवं प्रदर्शन के लिए समस्त महाविद्यालय परिवार पूर्णतः प्रतिबद्धता के साथ अपना शत–प्रतिशत योगदान दे रहा है। नकलरहित परीक्षाओं का संचालन, अनुशासन तथा कर्त्तव्य के प्रति समर्पित कर्मचारी वर्ग आदि वैशिष्ट्य इस परिसर को अग्रिम पंक्ति में रखने और विशिष्ट पहचान देने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। मैं समस्त कर्मचारी वर्ग, प्रबन्धन समिति के समस्त सदस्यों, महाविद्यालय प्रशासन व क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता का सहृदय आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके सतत् सहयोग से ही हम रचनात्मक कार्यों को व्यावहारिक एवं वास्तविक रूप देने में सफल रहे है और मैं आशा करता हूँ कि हम इस क्षेत्र की भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के पथ–प्रदर्शन हेतु अपनी प्रतिबद्धता एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते रहेंगे।

**पुनः आप सबका आभार।**

**जय हिन्द, जय भारत।**

प्राचार्य